मांग संख्या 13

मुख्य शीर्ष 2401

मद कमांक 1

एनएमएसए योजनांतर्गत वर्ष 2015-16 में स्वाईल हैल्थ मैनेजमैंट, स्वाईल हैल्थ कार्ड एवं परम्परागत कृषि विकास उपयोजना के रूप में सम्मिलित की गई है जिस पर ₹ 42.50 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

नेशनल मिशन ऑन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर-स्वाईल हैल्थ मैनेजमेंट योजना के अंतर्गत मशीन उपकरण पर ₹ 260.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 3

भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुरूप नवीन ''राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना'' लागु करने पर ₹ 2500.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद कमांक 4

अल्पवर्षा से प्रभावित जिलों के कृषकों के फसलों में सिंचाई हेतु डीजल पंपों पर अनुदान पर ₹ 5.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 2402

मद कमांक 5

स्वाईल हैल्थ मैनेजमैंट अंतर्गत 11 मिट्‌टी प्रयोगशाला के लिए प्रति प्रयोगशाला 6 अतिरिक्त पदों के मान से 66 पदों के निर्माण पर ₹ 168.82 लाख का व्यय संभावित है ।

पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

क.	पदनाम	वेतनमान+ग्रेड-पे	पदों की संख्या
1	सहायक मिट्‌टी परीक्षण अधिकारी	15600-39100+5400	11
2	प्रयोगशाला सहायक	5200-20200+2400	22
3	कृषि विस्तार अधिकारी	5200-20200+2800	11
4	सहायक ग्रेड-3	5200-20200+1900	11
5	भृत्य/चौकीदार	4750-7440+1300	11

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद कमांक 6 से 7

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत संचालित एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम योजना अंतर्गत प्रवर्तित योजनाओं पर ₹ 1612.90 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 16,12,90,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 3425

मद कमांक 8 से 9

जैव प्रौद्योगिकी प्रोन्नत सोसायटी की स्थापना योजना अंतर्गत जैव प्रौद्यागिकी गतिविधियों पर ₹ 5.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 5,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।